रोल नं......................नाम विद्यार्थी..................................

**VI-14** **वार्षिक परीक्षा सन् 2024** **BL**

# विषय :– बेसिक क्राफ्ट

**पु.कला एवं सं.कला/गृह वि. एवं सं.कला/कृषि एवं सं. कला**

**समय: 2 घण्टा** **कक्षा :– 6** **पूर्णांक–50**

## पुस्तक कला

### भाग–क दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश:–** किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– (प्रत्येक प्रश्न 10 अंक)

1. सरेस पकाने की विधि का वर्णन कीजिए। इसका प्रयोग किस प्रकार किया जाता है?
2. आयताकार दफ्ती का डिब्बा बनाने की विधि का सचित्र वर्णन कीजिए।
3. पुस्तक–कला से आप क्या समझते हैं? इसका अध्ययन किन–किन माध्यमों द्वारा किया जाता है?

### भाग–ख, लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश:–** किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– (प्रत्येक प्रश्न 5 अंक)

1. बनावट के आधार पर आलेखन कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए।
2. गृह शिल्प तथा कृषि कला में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
3. आप कागज को सुरक्षित किस प्रकार रखेंगे?
4. कला और पुस्तक कला में क्या सम्बंन्ध है?

### भाग–ग, अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश:–** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक)

1. डा. आस्टवॉल्ड किस देश के निवासी थे?
2. ग्रन्थ शिल्प में दाब मशीन का प्रयोग बताइए।
3. हरा तथा नीला रंग मिलाने पर कौन–सा रंग बनता है।
4. कहानी चित्रण किसे कहते हैं?
5. पुस्तक–कला में चिपकाने के लिए सबसे उत्तम लेई है(सत्य/असत्य)

### भाग–घ

**निर्देश:–** कोई एक प्रश्न हल दीजिए :– (प्रत्येक प्रश्न 10 अंक)

1. आइलेस फिक्सर अथवा गुनिया का चित्र बनाइए।

(पृष्ठ पलटिए)

2. कैंची अथवा शिंकजा का चित्र बनाइए।

## गृह विज्ञान

### भाग–क दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश:–** किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– (प्रत्येक प्रश्न 10 अंक)

1. किशोरावस्था में भोजन की अधिक आवश्यकता क्यों पड़ती हैं?
2. ऊनी वस्त्र बुनते समय क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए?
3. गृह प्रबन्ध किसे कहते हैं? यह क्यों आवश्यक है?

### भाग–ख, लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश:–** किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– (प्रत्येक प्रश्न 5 अंक)

1. सफाई के क्या लाभ हैं?
2. जल का प्रदूषण कैसे होता है?
3. चाय बनाने में किन–किन सामग्रियों का प्रयोग किया जाता है?
4. वर्गाकार कोई विरोधी रंगों का आलेखन आँगन के फर्श के लिए प्रस्तुत कीजिए।

### भाग–ग, अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश:–** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक)

1. असंक्रामक रोग क्या होते हैं?
2. बिच्छू के डंक मारने पर दो प्राथमिक उपचार लिखिए।
3. पैबन्द कितने प्रकार से लगाए जाते हैं?
4. नमूना छापने की दो विधियों के नाम लिखिए।
5. कलफ किन–किन चीजों से बनाया जाता है?

### भाग–घ

**निर्देश:–** कोई एक प्रश्न हल दीजिए :– (प्रत्येक प्रश्न 10 अंक)

1. हैदराबादी चूल्हा अथवा प्रेशर कुकर का चित्र बनाइए।
2. कैंची अथवा इंचीटेप का चित्र बनाइए।
3. पुस्तक–कला से आप क्या समझते हैं? इसका अध्ययन किन–किन माध्यमों द्वारा किया जाता है?

## कृषि विज्ञान

**निर्देश:–** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

1. भू–परिष्करण के उद्देश्य का वर्णन कीजिए। 6
2. उन्नतशील बीज कैसे बनाया जाता है? संक्षेप में वर्णन कीजिए। 6
3. मटर की फसल में लगने वाले महत्वपूर्ण कीड़ों एवं उनसे बचाव के उपाय बताइए। 6
4. नीबू की खेती का वर्णन कीजिए। 6
5. मृदा–घटक का वर्णन चित्र–सहित कीजिए। 6
6. बल्देव बाल्टी अथवा धान के पौधे का चित्र बनाइए। 6
7. निम्न में सही कथन पर सही तथा गलत कथन पर गलत का निशान लगाइए :– 9

(क) हरी खाद पौधों को मिट्टी में दबाकर तैयार की जाती है।

(ख) वर्षा ऋतु में पाला तथा कोहरा पड़ता है।

(ग) बाग लगाने की वर्गाकार विधि सबसे प्रचलित विधि है।

(घ) चेन पम्प 10 मीटर की गहराई तक सुगमतापूर्वक पानी उठाता है।

(ङ) जालीदार तार बाड़ का प्रयोग छोटे भूखण्डों के किनारे होते हैं।

(च) ऊबड़–खाबड़ मृदा कृषि के अयोग्य होती है।

8. कोष्ठांकित शब्दों से उचित शब्द छाँटकर निम्न कथनों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 5

(क) कार्बनिक पदार्थ की मात्रा .............. में अधिक पाई जाती है। (खाद/उर्वरक)

(ख) रचना .............. की प्रजाति है। (मटर/चना)

(ग) शहर के पास की भूमि में .............. विधि से पौधे लगाए जाते हैं। (वर्गाकार/षट्भुजाकार)

(घ) ..............पत्तियों के ऊपर जम जाता है। (पाला/ओस)

(ङ) गर्मी की जुताई से खेत में खरपतवार ..............जाते है। (घट/बढ़)